BRAMPTON Service and Information Update

# कोविड-19 महामारी के दौरान ब्रैम्पटन में थैंक्सगिविंग 2021

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (6 अक्तूबर 2021) – थैंक्सगिविंग (Thanksgiving) सोमवार, 11 अक्तूबर को है। नीचे बताया जा रहा है कि उस दिन के लिए, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन की सेवाओं के बारे में आपको क्या जानने की आवश्यकता है।

फायर एंड एमरजेंसी सर्विसिज (Fire and Emergency Services), ट्रैफिक सर्विसिज (Traffic Services), बाइ-लॉ एन्फोर्समेंट (By-Law Enforcement), रोड ऑपरेशंस (Road Operations) और सिक्योरिटी सर्विसिज (Security Services) सहित, सभी महत्वपूर्ण सेवाएं, हमारी कम्युनिटी के सहयोग के लिए पहले की तरह ही जारी रहेंगी।

किसी भी सवालों के लिए निवासी, 311 पर या 905.874.2000 (ब्रैम्पटन के बाहर से) पर फोन कर सकते हैं, ब्रैम्पटन 311 (Brampton 311) ऐप (जो ऐप स्टोर (App Store) या Google Play (गूगल प्ले) पर उपलब्ध है) का उपयोग कर सकते हैं, www.311brampton.ca पर जा सकते हैं या 311@brampton.ca पर ईमेल कर सकते हैं। हम सिटी ऑफ ब्रैम्पटन या रीजन ऑफ पील (Region of Peel) के किसी भी मुद्दों के लिए, 24/7 उपलब्ध हैं। कोविड-19 (COVID-19) से संबंधित सवालों के लिए, www.brampton.ca/COVID19 पर जाएं।

**ब्रैम्पटन ट्रांज़िट**

ब्रैम्पटन ट्रांज़िट (Brampton Transit), 11 अक्तूबर को कुछ रूट्स के रद्द होने के साथ, रविवार/छुट्टी वाली सेवा के शेड्यूल पर चलेगी। निम्नलिखित रूट्स पर बसें चलेंगी:

- 501 ज़ूम क्वीन (501 Züm Queen)
- 502 ज़ूम मेन (502 Züm Main)
- 505 ज़ूम बोवेअर्ड (505 Züm Bovaird)
- 511 ज़ूम स्टील्स (511 Züm Steeles)
- 1 क्वीन (1 Queen)
- 2 मेन (2 Main)
- 3 मैकलॉग्लिन (3 McLaughlin)
- 4 चिंग्कूज़ी (4 Chinguacousy)
- 5 बोवेअर्ड (5 Bovaird)
- 7 केनेडी (7 Kennedy)
- 8 सेंटर (8 Centre)
- 11 स्टील्स (11 Steeles)
- 14 टोरब्रैम (14 Torbram)
- 15 ब्रैमली (15 Bramalea)

- 18 डिक्सी (18 Dixie)
- 23 सैंडलवुड (23 Sandalwood)
- 29 विलियम्स (29 Williams)
- 30 एयरपोर्ट रोड (30 Airport Rd.)
- 35 क्लार्कवे (35 Clarkway)
- 50 गोर रोड (50 Gore Rd.)
- 52 मैकमर्ची (52 McMurchy)
- 53 रे लॉसन (53 Ray Lawson)
- 56 किंग्नोल (56 Kingknoll)
- 57 चारोलेस (57 Charolais)
- 115 पियर्सन एयरपोर्ट एक्सप्रेस (115 Pearson Airport Express)

टर्मिनल्स पर ग्राहक सेवा (Customer Service) काउंटर बंद रहेंगे। संपर्क केंद्र (Contact Centre), सुबह 7 बजे से रात 9 बजे तक सहायता के लिए उपलब्ध रहेगा। अधिक जानकारी के लिए, संपर्क केंद्र को 905.874.2999 पर फोन करें या www.bramptontransit.com पर जाएं।

अधिक बार सफाई और सैनिटाइज़ करने का शेड्यूल पहले की तरह ही प्रभावी रहेगा। हर 48 घंटों में सभी ठोस सतहों, ऑपरेटर कम्पार्टमेंट्स और सीटों को रोगाणु मुक्त करना, ब्रैम्पटन ट्रांज़िट का लक्ष्य है। इस समय अधिकतर बसों को हर 24 घंटों में सैनिटाइज़ किया जा रहा है। जिन फैसिलिटीज और टर्मिनल्स की ठोस सतहें हैं, उन्हें रोज़ाना पोंछा जा रहा है और सैनिटाइज़ किया जा रहा है।

सिटी का, सवारियों से अनुरोध है कि वे जितना अधिक से अधिक संभव हो सके, मास्क पहनकर भी, बसों में, टर्मिनल्स पर और बस स्टॉप्स पर लगातार शारीरिक दूरी कायम रखें। सवारियों को यह भी याद दिलाया जाता है कि वे सफर करते समय हैंड सैनिटाइज़र या वाइप्स जैसे खुद के रोगाणु नाशक पदार्थ साथ में रखें, बार-बार अपने हाथ धोएं और खांसते या छींकते समय मुंह को अपनी कोहनी से ढक लें। यदि आप बीमार हैं, तो कृपया ट्रांज़िट पर सफर करने से परहेज करें, अपनी निकटतम कोविड-19 असेस्मेंट साइट पर टेस्ट करवाएं और पब्लिक हेल्थ के निर्देशों का पालन करें।

नियमित अपडेट्स के लिए www.brampton.ca/COVID19 पर जाएं और सेवा अपडेट्स के लिए bramptontransit.com पर जाएं अथवा Twitter पर @bramptontransit को फॉलो करें। सवाल सीधे ब्रैम्पटन ट्रांज़िट के संपर्क केंद्र से 905.874.2999 पर पूछे जा सकते हैं।

**ब्रैम्पटन के पार्क**

बिना जंजीर बांधे कुत्तों के लिए उपलब्ध पार्कों सहित, ब्रैम्पटन की सभी ट्रेल्स, प्लेग्राउंड और पार्क, 11 अक्तूबर को खुले रहेंगे। हर किसी के स्वास्थ्य और तंदरुस्ती के लिए शारीरिक गतिविधि महत्वपूर्ण है। हमारे पार्क और ट्रेल्स देखने के लिए, www.brampton.ca/parks पर जाएं।

**ब्रैम्पटन रेक्रिएशन**

11 अक्तूबर को शेड्यूल्ड ड्रॉप-इन (बिना बुक किए) और रजिस्टर्ड प्रोग्रामिंग के लिए, चुनिंदा रेक्रिएशन सेंटर (Recreation Centres) खुले हैं। सभी रेक्रिएशन प्रोग्रामों और सेवाओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए, www.brampton.ca/recreation पर जाएं।

ऑनलाइन ट्यूटोरियल के साथ घर में रहते हुए ही क्रियाशील और दूसरों के साथ जुड़े रहें। www.brampton.ca/recreation पर कई प्रकार की रेक एट होम (Rec At Home) गतिविधियों तक पहुंच प्राप्त करें।

रेक्रिएशन सेंटर में जाते समय, वैक्सीनेशन और निजी पहचान का प्रमाण जरूरी है। शर्तों और छूटों के बारे में पूरे विवरणों के लिए, कृपया यहां (here) ब्रैम्पटन रेक्रिएशन के वेबपेज पर जाएं।

**ब्रैम्पटन लाइब्रेरी**

11 अक्तूबर को ब्रैम्पटन लाइब्रेरी (Brampton Library) की सभी ब्रांचें बंद रहेंगी।

ऑनलाइन वस्तुएं (online borrowing) लेने के लिए और ईबुक्स, ईऑडियोबुक्स, टीवी और मूवी स्ट्रीमिंग, ऑनलाइन प्रशिक्षण, आर्ट्स और क्राफ्ट्स इंस्ट्रक्शन (eBooks, eAudiobooks, TV and Movie streaming, online learning, arts and crafts instruction) पहुंच प्राप्त करने के लिए, किसी भी समय ब्रैम्पटन लाइब्रेरी की वेबसाइट (Brampton Library website) पर जाएं। हमारा बिल्कुल नया डिजिटल कलेक्शन: ओ'रेली (O'Reilly) देखें! कारोबार और टेक्नोलॉजी के लिए इस प्रभावशाली रिसर्च टूल में, इंडस्ट्री के विशेषज्ञों के द्वारा 50,000 ईबुक्स और 30,000 घंटों के वीडियो हैं। ऑफिशियल प्रीपेटरी सामग्रियों और इंटरएक्टिव प्रैक्टिस सामग्रियों के साथ, इन-डिमांड सर्टिफिकेशन्स के लिए तैयारी करें। यह सब कुछ आपके लाइब्रेरी कार्ड के साथ मुफ्त है।

ब्रैम्पटन लाइब्रेरी कार्ड प्राप्त करने के लिए, कृपया यहां क्लिक करें (To get a Brampton Library card, please click here)। सभी ब्रांचों में 24-घंटे के बाहरी ड्रॉप बॉक्सों के द्वारा, जब चाहें, अपनी सुविधा से चीज़ें वापस करें। कैलंडर ऑफ इवेंट्स (Calendar of Events) पर हमारे वर्चुअल प्रोग्रामों के लिए रजिस्टर करें और इनमें शामिल होने की योजना बनाएं। साथ ही, ब्रैम्पटन लाइब्रेरी के YouTube पेज पर, साप्ताहिक वर्चुअल कहानियों (Virtual storytimes) सहित, अन्य वीडियोज का आनंद लें।

संपर्क में रहें! हमारे ईमेल अपडेट्स और न्यूज़लेटर्स के लिए सब्सक्राइब करें (Subscribe to our email updates and newsletters) और हमें Facebook, Twitter, Instagram, LinkedIn और YouTube पर फॉलो करें।

ब्रैम्पटन लाइब्रेरी की सभी ब्रांचें आपकी सेवा के लिए दुबारा खुल गई हैं। विवरणों के लिए, कृपया हमारी वेबसाइट पर जाएं (please visit our website)।

**ब्रैम्पटन एनिमल सर्विसिज**

ब्रैम्पटन एनिमल शेल्टर (Brampton Animal Shelter), 11 अक्तूबर को बंद रहेगा। एनिमल कंट्रोल (Animal Control), सोमवार से शुक्रवार, सुबह 7 बजे से रात 10 बजे तक और शनिवार तथा रविवार और छुट्टियों वाले दिनों को, सुबह 8 बजे से शाम 6:30 बजे तक सड़क पर मौजूद होगा। वह केवल निम्नलिखित कामों के लिए कॉल्स का जवाब देगा:

- बीमार/ज़ख्मी/हिंसक घरेलू जानवर या जंगली जानवर का पिक अप
- हिंसक जानवर
- घर से बाहर निकले कुत्ते को बचाना
- कुत्ते के काटने की जांच
- बांधकर रखे आवारा कुत्तों का पिक अप
- मरे हुए जानवरों का पिक अप

इन घंटों के बाद, एनिमल कंट्रोल केवल एमरजेंसी कॉल्स का ही जवाब देगा।

**पील पब्लिक हेल्थ के रिमाइंडर**

कोविड-19 से खुद की और दूसरों की सुरक्षा के लिए पब्लिक हेल्थ के इन उपायों का पालन करें:

- वैक्सीन लगवाएं
- अलग घरों के मेम्बर्स के बीच शारीरिक दूरी रखते हुए, इनडोर और आउटडोर जनसमूहों के लिए प्रोविंसियल गाइडलाइनों का पालन करें।
- यदि आपके लिए अपने घर के बाहरी किसी व्यक्ति से मिलना-जुलना आवश्यक हो, तो मुख्य चार (Core Four) काम करें:
    - 2 मीटर की शारीरिक दूरी रखें
    - मास्क पहनें
    - बार-बार अपने हाथ धोएं
    - यदि आप बीमार हों, तो घर में ही रहें, चाहे लक्षण मामूली हों

-30-

**सिटी ऑफ ब्रैम्पटन का मीडिया संपर्क**
मोनिका दुग्गल (Monika Duggal)
कोआर्डिनेटर, मीडिया एंड कम्युनिटी एन्गेजमेंट
स्ट्रैटजिक कम्युनिकेशन
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन
905-874-3426 | Monika.Duggal@brampton.ca

**रीजन ऑफ पील का मीडिया संपर्क**
ऐश्ले हॉकिन्स (Ashleigh Hawkins)
कम्युनिकेशन्स स्पैशलिस्ट – पब्लिक हेल्थ
रीजन ऑफ पील
416.818.4421 | ashleigh.hawkins@peelregion.ca